क

राजे ने अपनी रखवाली की'-मूल संवेदना

डॉ अनिता मिश्र

'राजे ने अपनी रखवाली  की' सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की व्यंग्यात्मक कविता है। इस कविता में कवि ने राजे के माध्यम से शासकों पर व्यंग्य किया है। उन्होंने राजतंत्र के यथार्थ रूप को उजागर किया है।

कवि निराला कहते हैं, राजा किला बनाकर ऐशो आराम की जिंदगी व्यतीत करता है ।वह अपनी रक्षा के लिए बड़ी-बड़ी सेनाएं रखता है। वह चापलूसी करने वाले लोगों से सदैव घिरा रहता है। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए लोग राजा के पास इकट्ठा रहते हैं ।जनता को प्रभावित करने वाले ब्राह्मण राजा की प्रशंसा करते हैं। कवि उसकी बहादुरी का गुणगान करते हुए कविताएं लिखते हैं और गाते हैं ।लेखक उसकी प्रशंसा में लेख लिखते हैं,।इतिहासकार , राजा की प्रशंसा करते हुए इतिहास के पन्ने को भरते हैं, नाटककार अनेक नाटकों की रचना करते हैं और रंगमंच पर उनका मंचन  करते हैं। कवि निराला कहना चाहते हैं कि लेखक समुदाय राजा के पक्ष में आंख मूंदकर लेखन -कर्म करता है । वह समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भूल जाता है।  वे शासक की  ऐसी तस्वीर प्रस्तुत करते हैं जिससे जनता प्रभावित होती हैं। वह रानियों को अपना आदर्श मानती है। राजा द्वारा समाज में धर्म को बढ़ावा दिया जाता है धर्म के नाम पर जनता को धोखा दिया जाता है ।सभ्यता और धर्म की आड़ में समाज में युद्ध संपन्न होते हैं। लोगों का खून बहाया जाता है ।जनता आंख- कान मूंद कर जीवन यापन करती है। सच्चाई को न तो देखती है और न हीं सुनती है। जनता को अंधेरे में रखकर राजा अपनी सत्ता की रक्षा करता है।

कवि निराला की दृष्टि 'राजे ने अपनी रखवाली की' कविता में भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर गई है। कवि ने शासक वर्ग पर प्रहार किया है । उन्होंने  राजतंत्र के समर्थक ब्राह्मणों, धनिकों, कवियों ,लेखकों नाटककारों, इतिहासकारों पर प्रहार किया है ।उन्हें बेनकाब किया है। कवि निराला ने भारतीय जनता की सोई हुई चेतना को जगाने का प्रयास किया है।

**अभ्यास के लिए प्रश्न:**

१. **राजे ने अपनी  रखवाली की किस प्रकार की कविता है?**
२. **राजे ने अपनी रखवाली की कविता कवि के किस काव्य संकलन में संकलित है?**
३. **कवि इतिहासकारों के बारे में क्या कहता है?**
४. **कवि  नाटककारों के बारे में क्या कहता है?**
५. **कवि ब्राह्मणों के बारे में क्या कहता है?**
६. **कवि के अनुसार समाज की नारिया किसे अपना आदर्श मानती हैं?**
७. **'राजे 'से किसकी ओर संकेत किया गया है?**

८. कवि निराला ने किस राजनीतिक परिस्थिति की ओर संकेत किया है?

९. ' राजे ने अपनी रखवाली की ' कविता के मूल प्रतिपाद्‌य पर विचार करें।